डॉ0 बी0 राजेन्दर, अपर मुख्य सचिव, खेल विभाग की अध्यक्षता में दिनांक– 06.05.2026 (बुधवार) को अपराह्न 03:00 बजे आहूत बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लि0, पटना की समीक्षात्मक बैठक की कार्यवाही

उपस्थिति

1. श्री आरिफ अहसन, निदेशक, खेल विभाग।
2. श्री निरंजन कुमार, संयुक्त सचिव, खेल विभाग।
3. श्री संजय कुमार सिंह, महाप्रबंधक, बि0रा0भ0नि0नि0लि0, पटना।
4. श्री सिद्धांत कुमार, अवर सचिव, खेल विभाग।
5. श्री अजय कुमार, अवर सचिव, खेल विभाग।
6. श्री अमर गौरव, परियोजना प्रबंधक, बि0रा0भ0नि0नि0लि0, पटना।

कार्यवाही

I प्रगति यात्रा

अपर मुख्य सचिव, खेल विभाग द्वारा माननीय मुख्यमंत्री महोदय के प्रगति यात्रा के दौरान की गई घोषणाओं के संबंध में अद्यतन जानकारी प्राप्त किया गया।

बि0रा0भ0नि0नि0लि0, पटना के पदाधिकारियों द्वारा सूचित किया गया कि प्रगति यात्रा के दौरान कुल 14 घोषणाएं की गई है। 14 योजनाओं में कार्य आवंटित किया गया है।

इस संबंध में बि0रा0भ0नि0नि0लि0, पटना के पदाधिकारियों को सभी योजनाओं में अविलम्ब कार्य कराने का निदेश दिया गया। जहानाबाद एवं नवगछिया हेतु कृषि विभाग को पत्राचार करने का निदेश दिया गया है। कतिपय जिलों में कार्य करने में समस्या उत्पन्न हो रही है जिसका विवरण निम्न है–

क्र. सं.	जिला का नाम	निगम द्वारा परिलक्षित समस्या	अपर मुख्य सचिव द्वारा दिये गये निदेश
1.	जहानाबाद	कृषि विभाग का जमीन है। इस हेतु अनापत्ति प्रमाण–पत्र की आवश्यकता है।	इस संबंध में प्रधान सचिव, कृषि विभाग को अर्द्ध–सरकारी पत्र भेजे जाने का निदेश दिया गया।
2.	भागलपुर	कृषि विभाग का जमीन है। इस हेतु अनापत्ति प्रमाण–पत्र की आवश्यकता है।	इस संबंध में जिला पदाधिकारी, भागलपुर को पत्र भेजे जाने का निदेश दिया गया।

8.5.26

3.	अरवल	चिन्हित भूमि पर अतिक्रमण है।	इस संबंध में जिला पदाधिकारी, अरवल को अर्द्ध–सरकारी पत्र भेजे जाने का निदेश दिया गया।
4.	बक्सर	उपलब्ध भूमि मात्र छः एकड़ होने के कारण अतिरिक्त भूमि की आवश्यकता है।	इस संबंध में जिला पदाधिकारी, बक्सर को अर्द्ध–सरकारी पत्र भेजे जाने का निदेश दिया गया।

उक्त कार्य का अनुश्रवण श्री निरंजन कुमार, संयुक्त सचिव एवं श्री अजय कुमार, अवर सचिव द्वारा किया जायेगा।

II खेल भवन–सह–व्यायामशाला

महाप्रबंधक, परियोजना, बि0रा0भ0नि0नि0लि0, पटना द्वारा बताया गया कि कुल 13 योजनाएं खेल भवन–सह–व्यायामशाला से संबंधित है, जिनमें से बेगूसराय, सीतामढ़ी, समस्तीपुर, दरभंगा, वैशाली, शेखपुरा एवं गोपालगंज में कार्य प्रगति पर है एवं वर्त्तमान में निम्नलिखित जिलों में समस्याएँ उत्पन्न हुई है, जिसका निराकरण किया जाना आवश्यक है:–

क्र. सं.	जिला का नाम	समस्या	अपर मुख्य सचिव द्वारा दिये गये निदेश
1.	बक्सर	उक्त चिन्हित भूमि की समस्याओं का निराकरण किया जाय अथवा दूसरी नई भूमि चिन्हित किया जाय।	पूर्व की चिन्हित भूमि उपलब्ध कराने अथवा नयी भूमि चिन्हित कर प्रस्ताव उपलब्ध कराने हेतु जिला पदाधिकारी को अर्द्ध–सरकारी पत्र भेजा जाय।

➢ निर्मित 25 खेल भवन–सह–व्यायामशाला में RO, A.C, Generator Set, Signage एवं CCTV Camera के अधिष्ठापन के संबंध में निगम द्वारा सूचित किया गया है कि दक्षिण बिहार हेतु निविदा खोल दिया गया है तथा उत्तर बिहार हेतु निविदा प्राप्त नहीं हुआ है। इस संबंध में विभागीय निदेशक द्वारा निगम को निदेश दिया गया कि अविलम्ब उक्त कार्य करना सुनिश्चित करेंगे। इस संबंध में अद्यतन प्रतिवेदन बि0रा0भ0नि0नि0लि0 से प्राप्त करें।

III प्रखंड स्तरीय आउटडोर स्टेडियम निर्माण

प्रखंड स्तरीय आउटडोर स्टेडियम निर्माण में बि0रा0भ0नि0नि0लि0, पटना द्वारा बताया गया कि कुल 78 नयी योजनाओं पर प्रशासनिक स्वीकृति विभाग द्वारा दी जा चुकी है, जिसमें कतिपय समस्याएँ है।

इस संबंध में संबंधित अद्यतन प्रतिवेदन तैयार करने का भी निदेश दिया गया तथा संबंधित जिला को पत्र भेजने का निदेश दिया गया।

IV माननीय मंत्री/सांसद/विधान सभा सदस्य से संबंधित मामले

माननीय मंत्री/सांसद/विधान सभा सदस्य से संबंधित मामलों तथा वैसे मामले जिसपर माननीया खेल मंत्री द्वारा निदेश अंकित गया है वैसे पत्रों की अलग-अलग सूची तैयार किये जाने का निदेश विभागीय निदेशक द्वारा दिया गया।

Rajan 11.5.2026

(डॉ0 बी0 राजेन्दर)
अपर मुख्य सचिव।

ज्ञापांक-1714 पटना, दिनांक 11.5/2026

प्रतिलिपिः- निदेशक, खेल विभाग /मुख्य महाप्रबंधक, बि0रा0भ0नि0नि0लि0, पटना/ संयुक्त सचिव, खेल विभाग /विशेष कार्य पदाधिकारी/परियोजना प्रबंधक, बि0रा0भ0नि0नि0लि0, पटना/सहायक निदेशक (क्रीड़ा/युवा)/अवर सचिव संबंधित प्रशाखा (04&05)/संबंधित सहायक प्रशाखा पदाधिकारी/आई०टी० मैनेजर/सभी जिला खेल पदाधिकारी/अधीक्षक शा0 शिक्षा/उपाधीक्षक शा0 शिक्षा, बिहार, को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

8.5.26

Rajan 11.5.2026

अपर मुख्य सचिव।